| दिनांक 24.09.2023 |
|---|
| प्रेस विज्ञप्ति 27/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**<u>जनपद मथुरा/थाना कोसीकलां</u>**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना कोसीकलां व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दहगांव मोड़ के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त योगेश घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मथुरा, हाथरस के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत है, गिरफ्तार अभियुक्त थाना वृन्दावन पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोसीकलां पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–योगेश निवासी ग्राम ककरेटिया थाना राया जनपद मथुरा।

**बरामदगी**

1—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद शामली/थाना कोतवाली

- **लूट की घटना का अनावरण**
- **04 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट की 02 किलो 844 ग्राम चाँदी**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 04 अभियुक्तों 1—आकाश 2—अजय 3—लवी 4—विशाल को गिरफ्तार कर लूट की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट की 02 किलो 844 ग्राम चाँदी, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 23.09.2023 को थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद चाँदी उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आकाश निवासी शान्तिनगर थाना कोतवाली जनपद शामली।

2—अजय निवासी मो0दीनदयाल बडी माता पीर वाली गली थाना कोतवाली जनपद शामली।

3—लवी निवासी बडी माता पीर वाली गली थाना कोतवाली जनपद शामली।

4—विशाल निवासी मो0अटल विहार थाना कोतवाली जनपद शामली।

**बरामदगी**

1—लूट की 02 किलो 844 ग्राम चाँदी।

2—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल आदि।

**कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना सेक्टर—39**

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 31 हजार रूपये नगद**
- **लूट के 13 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **02 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना सेक्टर—39 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सुलभ शौचालय सेक्टर—37 दादरी रोड के पास से 02 अभियुक्तों 1—आदित्य 2—अंशुल को गिरफ्तार किया गया एवं एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 31 हजार रूपये नगद, लूट के 13 मोबाइल फोन, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 02 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो जूम ऐप के माध्यम से वाहन रेन्ट पर लेकर लूट आदि की घटनाए कारित करते है, गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपये, मोबाइल फोन आदि लूट की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना सेक्टर—39 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आदित्य निवासी ग्राम सलेमपुर खारी थाना नांगल बचीती जनपद सहारनपुर, हालपता ग्राम सलारपुर थाना सेक्टर—39 नोएडा।

2–अंशुल निवासी कस्बा अलीगंज थाना अलीगंज जनपद एटा, हालपता सेक्टर–66 बीकानेर स्विट के पास थाना सेक्टर–63 नोएडा।

**बरामदगी**

1–लूट के 31 हजार रूपये नगद।

2–लूट के 13 मोबाइल फोन।

3–चोरी की 01 मोटर साइकिल।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

5–02 चार पहिया वाहन आदि

## जनपद मैनपुरी/थाना बरनाहल

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 10 हजार रूपये नगद**
- **चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण बरामद**

दिनांक 23.09.2023 को थाना बरनाहल पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर नगला मेघ सिंह वरहिया तिराहा के पास से 03 अभियुक्तों 1–मलिखान 2–लक्ष्मण 3–रिंकू को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 10 हजार रूपये नगद, चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना बरनाहल क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना बरनाहल पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया, आभूषण आदि चोरी की घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बरनाहल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—मलिखान निवासी ढकपुरा थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी।

2—लक्ष्मण निवासी नगला धौकल थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी।

3—रिंकू निवासी ढकपुरा थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी।

**बरामदगी**

1—चोरी के 10 हजार रूपये नगद।

2—चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण।

## जनपद चन्दौली/थाना अलीनगर

- **06 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण**
- **चोरी के 05 मोबाइल फोन**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना अलीनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर एकौनी नहर पुलिया के पास से अभियुक्त 1—राहुल 2—निखिल कुमार उर्फ करन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही से जीवनाथपुर रेलवे पुल के पास से अभियुक्त 3—फारूक शाह उर्फ फेकू 4—अजय 5—धर्मेन्द्र उर्फ डंमर 6—चन्दन को गिरफ्तार कर, चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण, चोरी के 05 मोबाइल फोन, चोरी की 08 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अलीनगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राहुल निवासी मुडादेव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

2—निखिल कुमार उर्फ करन निवासी तारापुर टिकरी थाना लंका कमिश्नरेट वाराणसी।

3–फारूक शाह उर्फ फेकू निवासी अमरा थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

4–अजय निवासी मुडादेव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

5–धर्मेन्द्र उर्फ डंमर निवासी वृंदावन सुसमाही थाना चितईपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

6–चन्दन निवासी मुडादेव थाना रोहनिया कमिश्नरेट वाराणसी।

**बरामदगी**

1–चोरी के सोने–चाँदी के आभूषण।

2–चोरी के 05 मोबाइल फोन।

3–चोरी की 08 मोटर साइकिल।

4–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद अलीगढ़/थाना अकराबाद

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 70 लाख रूपये कीमत की 835 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब**
- **01 ट्रक बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना अकराबाद पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पनेठी फ्लाई ओवर के पास से 02 अभियुक्तों 1–छोटे राजा 2–राजा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 70 लाख रूपये कीमत के 835 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब, 01 ट्रक बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना अकराबाद पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–छोटे राजा निवासी रवा भैंड थाना कोंच जनपद जालौन।

2–राजा निवासी ग्राम दुरहट थाना कोटरा जनपद जालौन।

**बरामदगी**

1–लगभग 70 लाख रूपये कीमत के 835 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब।

2–01 ट्रक।

## जनपद हमीरपुर/थाना बिवांर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 20 लाख रूपये कीमत का 90 किलोग्राम अवैध गांजा**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **01 चार पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 24.09.2023 को थाना बिवांर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम छानी के पास चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों 1–अंकित 2–दीपक 3–बृजराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 90 किलोग्राम अवैध गांजा, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, 01 चार पहिया वाहन आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना बिवांर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अंकित निवासी ग्राम छानी खुर्द थाना बिवांर जनपद हमीरपुर।

2–दीपक निवासी ग्राम छानी खुर्द थाना बिवांर जनपद हमीरपुर।

3–बृजराज निवासी ग्राम खैर थाना सिसोलर जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

1–लगभग 20 लाख रूपये कीमत के 90 किलोग्राम अवैध गांजा।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3–01 चार पहिया वाहन आदि।

- **जनपद उन्नाव (गैंगेस्टर एक्ट में लगभग 01 अरब 22 करोड़ 65 लाख 26 हजार रूपये कीमत की सम्पत्ति कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही)**

जनपद उन्नाव पुलिस ने अभियुक्त नसीम अहमद पुत्र हाजी अखलाख अहमद निवासी के0डी0ए0 कॉलोनी जाजमऊ कानपुर नगर, हालपता अखलाख नगर थाना गंगाघाट जनपद उन्नाव द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी अचल सम्पत्ति कीमत करीब 01 अरब 22 करोड़ 65 लाख 26 हजार रूपये को गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क/जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

————